हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

11 ग्राम परखंदा में 'खस' की खेती से बदली तस्वीर



12 कमर्शियल गैस की किल्लत से होटल व्यवसाय प्रभावित



## खबर संक्षेप

### विशेष ग्रामसभा में जनगणना 2027 पर होगी चर्चा

**धमतरी।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ जनगणना 2027 के बारे में बताया जाएगा। ग्राम सभाओं में जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ग्रामीणों को जनगणना के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह देश के योजना निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण तथा विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने का एक महत्वपूर्ण आधार है।

### सामाजिक सद्भाव सम्मेलन 26 को

**धमतरी।** शहर में सामाजिक एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 26 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई द्वारा सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन शाम 4 से 6 बजे तक रायपुर रोड स्थित आनंद उत्सव परिसर, जियो पेट्रोल पंप के सामने होगा। आयोजकों ने बताया कि वर्तमान समय में समाज विभिन्न चुनौतियों और सामाजिक कुरीतियों का सामना कर रहा है। ऐसे दौर में आपसी प्रेम, सौहार्द और समरसता को बढ़ावा देना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सर्वसमाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। सम्मेलन में क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी, प्रबुद्धजन एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में रवि शर्मा नगर सह कार्यवाह एवं योगेश साहू नगर व्यवस्था प्रमुख समेत अन्य जुटे हैं।

### रेलवे बोर्ड ने दिव्यांगजनों को दिया तोहफा

**धमतरी।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दवारा जारी यूडीआईडी कार्ड (विशिष्ट पहचान पत्र) पर भी दिव्यांग कोचों में यात्रा कर सकते हैं। रेल मंत्रालय की पहल पर रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों के एसएलआर में बने दिव्यांग कोचों में यात्रा करने वाले दिव्यांगजनों की स्थिति स्पष्ट कर दी है। रेलवे बोर्ड के निदेशक संजय मनोचा ने सभी रेलवे बोर्ड के वाणिज्यिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र रखने वाले यात्री दिव्यांग कोचों में यात्रा करने के पात्र होंगें। घनश्याम सिंह साहू ने सभी दिव्यांगजनों को भारत सरकार दवारा जारी यूडीआईडी कार्ड बनवाने की अपील की है। यह कार्ड उपसंचालक समाज कल्याण विभाग में आधारकार्ड, मेडिकल प्रमाण पत्र और पासपोर्ट फोटो देने पर निःशुल्क बनता है।

# जिले के नक्सलमुक्त होने से दुगली-जबर्रा का हरा सोना फिर टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के नक्सलमुक्त होने का प्रभाव जंगल के वनोपज पर भी पड़ा है। तेंदूपत्ता कलेक्शन सीजन 2026 में हरा सोना को 5 से 10 प्रतिशत का अधिक भाव मिला है। बताया जा रहा है कि इस साल तेंदूपत्ता पत्ता की बंपर पैदावारी हुई है। जिले के करीब 25 हजार संग्राहकों को 1 मई का इंतजार है। मई माह के साथ जिले की 27 समितियों के माध्यम से 238 फड़ों में तेंदूपत्ता की खरीदी होगी। तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 26800 मानक बोरा रखा गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष की तरह इस साल भी दुगली-जबर्रा के तेंदूपत्ता को सबसे अधिक भाव मिला है। यहां के तेंदूपत्ता को प्रति मानक बोरा 10419 रुपये में मेसर्स चेन्नादी जगदीश कंपनी ने खरीदा है। गत वर्ष दुगली-जबर्रा के तेंदूपत्ता को 9909 रुपये का अधिकतम भाव मिला था। नगरी परिक्षेत्र की अमाली समिति के तेंदूपत्ता को 7482 रुपये प्रति मानक बोरा में खरीदा गया है। पिछले साल इसका दाम 6849 रुपये था। सेमरा के तेंदूपत्ता को 7111 रुपये, घोटगांव 6597 रुपये, बेलरगांव 6666 रूपये, चनागांव डोकाल 9639 रुपये, मोंगरागहन बरबांधा 7369 रूपये, मोहंदी ए 9162 रुपये, गेदरा 8180 रुपये, गट्टासिल्ली 8558 रुपये, रतावा 8961 रुपये, तुमड़ीबहार निर्राबेड़ा 9869 रुपये, कुकरेल 8605 रूपये, मारागांव सिंगपुर 9979 रुपये, खड़मा 9507 रुपये, नगरी 8443 रुपये, राजपुर 8468 रुपये, छुही 8268 रुपये, पठार 9729 रुपये, मोहंदी बी 9171 रुपये, बिरझुली 9684 रुपये, अछोटा 6500 रुपये, बोराई का तेंदूपत्ता 6729 रुपये में नीलाम हुआ है।

## पिछले साल की तुलना में कीमत में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि



### फसल अच्छी, संग्राहकों में उत्साह

जिले के 23 परिक्षेत्र के 27 समितियों द्वारा पत्ता की खरीदी 1 मई से शुरु होगी। बेलरगांव निवासी कौशिल्याबाई, राजेंद्रकुमार ने बताया कि इस साल तेंदूपत्ता की फसल बहुत अच्छी है। ओलावृष्टि और खराब मौसम की मार तेंदूपत्ता पर नहीं पड़ी है। क्वालिटी अच्छी है। बीमारी की शिकायत भी नहीं है। जिले के करीब 25 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को मई माह का इंतजार है। संग्राहकों में इस साल हरा सोना को लेकर उत्साह है।

166 अतिक्रमणकारियों पर पीओआर दर्ज, 15 साल में 1 लाख वृक्षों को काटा गया

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के 265 एकड़ जंगल पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 265 एकड़ जंगल को काटकर 166 लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने का प्रकरण वन विभाग ने दर्ज किया है। अतिक्रमण का खुलासा इसरो की सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन सर्वे से हुआ है। 15 साल में जंगल में अतिक्रमण कर 1 लाख वृक्षों को काटा गया है। वन विभाग अतिक्रमणकारियों को जेल की हवा खिलाने की तैयारी में है।

यूएसटीआर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व क्षेत्र से बाहर स्थित ग्राम जैतपुरी के 166 अतिक्रमणकारियों ने 15 साल में रिजर्व क्षेत्र के सीतानदी कोर में 106.06 हेक्टेयर/265 एकड़/ सघन वन को काटकर सिलसिलेवार अतिक्रमण किया है। इसमें से कुछ आरोपियों के खिलाफ 2011 में पीओआर दर्ज किया गया था। इस समय अतिक्रमण का रकबा 45 हेक्टेयर था। अब सभी 166 आरोपियों के विरूद्ध पीओआर 15/10, 15/11, 15/12, 15/13 दर्ज कर आरोपियों को बेदखली का नोटिस दिया गया है।

ज्ञात हो कि टाइगर रिजर्व टीम ने 3 साल में 850 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटा चुकी है। 600 शिकारी व तस्कर अतिक्रमणकारी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।



### इसरो सैटेलाइट से अतिक्रमण का खुलासा

रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि पीओआर दर्ज करने से पहले पूरे अतिक्रमण क्षेत्र का सर्वे ड्रोन से हाई रिसोलुशन इमेजरी तैयार की गई है जिसमें समस्त खेत, कटे हुए वृक्ष एवं ठूंठ को 10 सेंटीमीटर तक जूम कर देखा जा सकता है। इसके साथ ही इसरो से वर्ष 2006, 2008, 2010, 2012 एवं 2022 की कार्टोसैट सैटेलाइट एमेजरी मंगवाई गई। जिसमें भारी मात्रा में वन आकरण की कमी दिख रही है। अतिक्रमण क्षेत्र में 15 वर्षों के पहले का धनत्व 1000 वृक्ष प्रति हेक्टेयर था। यह अब 25 से 50 वृक्ष प्रति हेक्टेयर हो चुका है जिससे स्पष्ट है कि एक लाख वृक्षों को अतिक्रमणकारियों द्वारा काटकर साफ किया गया है।

## अवैध कमाई की संपत्ति होगी अटैच



वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में 45 हेक्टयेर जंगल में अतिक्रमण था। 2026 में 116 हेक्टेयर में अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमणकारियों के पास राजस्व क्षेत्र में जमीन है फिर भी उन्हें लालच है। वर्तमान में कई वृक्षों को काटा गया है जिसके ठूंठ तथा वृक्षों की छाल को चीरकर अतिक्रमण बढ़ा रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर अतिक्रमण क्षेत्र में अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्ति को अटैच किया जाएगा। वाइल्ड लाइफ एक्ट में 7 साल तथा लोक संपत्ति क्षति अधिनियम में 3 साल के सश्रम कारावास का प्रावधान है। अतिक्रमित भूमि पर भूजल संरक्षण रचनाएं एवं पौधरोपण किया जाएगा। इसरो सैटेलाइट और ड्रोन सर्वे सर्वेक्षण से एक-एक कब्जाधारी को कब्जे को चिन्हांकित किया गया है। अतिक्रमित क्षेत्र महानदी का उद्गम स्थल है जहां सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी दौरा कर चुके हैं।

# कौशल विकास से पॉपुलर ट्रेड गायब


फाइल फोटो

- सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर को लिस्ट से हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिलाएं और युवतियां जिस कार्य से सक्षम बन रही थीं, कौशल विकास योजना के तहत उन्हीं कार्यों का प्रशिक्षण बंद कर दिया गया है। इसके चलते कौशल विकास प्रशिक्षण में महिलाओं और युवतियों की संख्या में काफी कमी आई है। हालांकि इन ट्रेडों के बदले कई नए ट्रेड में प्रशिक्षण शुरू किया गया है, लेकिन ये कार्य महिलाओं व युवतियों को रास नहीं आ रहे हैं।

लंबे समय तक उपेक्षा का दंश झेल रहे कौशल विकास ने पिछले दो साल में रफ्तार पकड़ी है। इस प्रशिक्षण में सबसे ज्यादा सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर, डाटा एंट्री आपरेटर के प्रशिक्षण के लिए युवा आ रहे हैं। इसमें महिलओं और युवतियों की संख्या अधिक थी, लेकिन इन ट्रेडों को कौशल विकास प्रशिक्षण की लिस्ट से बाहर कर दिया गया है, जिसके चलते प्रशिक्षण लेने वालों में युवतियों की संख्या में काफी कमी आई है। प्रशिक्षण के लिए आने वाले युवाओं में कमी के चलते वीटीपी सेंटरों को लक्ष्य पूरा करने में कई प्रकार की समस्या आ रही है। पिछले सत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 680 लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 614 युवाओं का ही बैच तैयार हो पाया। पिछले वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षण में 177 युवाओं का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। 437 का चल रहा है, जिसे इस माह कम्पलीट कर लिया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष के लिए 840 युवाओं के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है।

### कई यूनिक ट्रेड को जगह

भले ही सिलाई, कम्प्यूटर जैसे पापुलर ट्रेड हटा दिए गए हैं, लेकिन इसके बदले कई यूनिक और नए रोजगारोन्मुखी ट्रेड को जगह दी गई है। इस वित्तीय वर्ष के लिए बायोमेडिकल इक्यूपमेंट मेंटनेंस असिस्टेंट, होम हेल्थ एड, जल वितरक संचालक, सोलर पैनल, इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन के साथ इलेक्टिशियन, राजमिस्त्री, फिल्ड टेक्निशियन (एयर कंडीशनर), जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, रिटेल, सिक्युरिटी गार्ड, सोलर पैनल और डेस्टटाप पब्लिशिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष में टैक्सी ड्राइवर, सिक्युरिटी गार्ड, मशरूक, डाटा एंट्री आपरेटर, सोलर पैनल, राजमिस्त्री, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, इमरजेंसी मेंडिकल टेक्निशियन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कई ट्रेड का प्रशिक्षण भी चल रहा है।

जिले की शराब दुकानों में शराब की जबरदस्त किल्लत, रोज हो रही भगदड़

# देशी शराब गायब, अंग्रेजी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की शराब दुकानों में स्टॉक की जबरदस्त कमी है। रोजाना शराब की थोड़ी बहुत खेप आती है, वह भी घंटेभर में खत्म हो जाती है। स्थिति यह है कि शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहता है। शाम को मेला जैसी भीड़ उमड़ रही है। कई दुकानों में हुड़दंग और भगदड़ वाली स्थिति बन जाती है।

धमतरी जिले में 28 शराब दुकानें हैं, जहां पर पिछले कुछ दिनों से शराब की जबरदस्त कमी है। खासकर देशी प्लेन और मसाला शराब की कमी बनी हुई है। जिले में इन दोनों शराब की सबसे ज्यादा डिमांड है। इस शराब के न मिलने से ही दुकानों में भगदड़ वाली स्थिति बन रही है। कई आदतन शराब प्रेमी तो सुबह से ही शराब लेने के लिए दुकानों के सामने पहुंच जाते हैं। शराब नहीं होने की स्थिति में घंटों तक शराब की खेप आने का इंतजार करते हैं। अंग्रेजी शराब के स्टॉक में भी कमी है। इसमें कई वेरायटी तो मिल ही नहीं रही है। अंग्रेजी शराब का मनपसंद ब्रांड तो पहले भी नहीं मिल रहा था। अब तो इन ब्रांडों के वैकल्पिक ब्रांड की भी कमी है। लोगों को जो वेरायटी मिल रही है, उसी को खरीद रहे हैं। कई बार तो शराब दुकान से उन्हें खाली लौटना पड़ता है।



### जो हाथ लगा उसी से चल रहा काम

देशी शराब की कमी का असर अंग्रेजी शराब पर भी पड़ रहा है। देशी शराब नहीं मिलने पर मदिरा प्रेमी मजबूरी में अंग्रेजी शराब खरीद रहे हैं। अंग्रेजी शराब का भी स्टॉक कम है। अब डिमांड बढ़ने से यह किल्लत लगातार बढ़ रही है। दुकानों में देशी शराब का स्टाक तो गायब ही हो गया है। अंग्रेजी शराब की खेप भी आते ही समाप्त हो जाती है। चीप रेंज की शराब तो आते ही बिक जा रही है। प्रीमियम शॉप में भी मनपसंद ब्रांड नहीं है।

### पूरे प्रदेश में किल्लत

शराब सप्लाई केवल धमतरी में ही ठप नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में शराब सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई है। धमतरी में कई दुकानों में शटर डाउन की स्थिति है। कोई भी नहीं बता पा रहा है कि शराब की सप्लाई कब तक दुरूस्त होगी। इन सब के बीच दुकानों में सेल्समेन काफी परेशान हैं। उन्हें मदिरा प्रेमियों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।

### सप्लाई हो रही प्रभावित

फैक्ट्रियों से ही शराब की सप्लाई ढंग से नहीं आ रही है जिसके चलते दुकानों में शराब की किल्लत बनी हुई है। वर्तमान में देशी शराब को प्लास्टिक और कांच दोनों बोतल में बेचा जा रहा है। जब तक उपर से सप्लाई दुरूस्त नहीं होती है, तब तक किल्लत बनी रहेगी।

- निरूपमा लोन्हारे,
*आबकारी अधिकारी*

## एक आरोपी गिरफ्तार, अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

# आकाशगंगा कॉलोनी में हुई सिलसिलेवार चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आकाशगंगा कॉलोनी के सूने मकानों में हुई सिलसिलेवार चोरी के मामले में पुलिस ने अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

पुलिस के अनुसार रूद्री रोड स्थित आकाशगंगा कॉलोनी के फेज-1 व फेज-टू के चार मकानों में सेंधमारी कर चोरी की घटना हुई थी। सभी प्रभावित मकान थाना सिटी कोतवाली से 2 किमी की दूरी पर स्थित है। मकानों में रहने वाले कुछ परिवार के लोग स्थानीय मेला में गए थे। वहीं कुछ परिवार बाहर प्रवास पर थे अथवा किसी कारण से बाहर थे। सूने मकानों को देख अज्ञात चोर सिलसिलेवार चोरी की घटना को अंजाम देकर कुल 1 लाख 28000 रूपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर फरार हो गये थे।




### शेष तीन आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी

आरोपी के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त उपकरण के साथ सोने की अंगूठी बरामद हुई है। बाकी चोरी के सामान को आपस में बांटना बताया। पुलिस ने कहा कि गिरोह के शेष तीन आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिल चुकी है जिसमें से दो की पहचान हो चुकी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को शीघ्र रवाना किया जायेगा।




इस संबंध में 8 फरवरी से 10 फरवरी के मध्य थाना सिटी कोतवाली में कुल चार चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें तुलसीराम ध्रुव आकाशगंगा फेज-2 से सोने की अंगूठी व 25 हजार नकद, विकास कटेन्द्र फेज-1 से चांदी के सिक्के व नकदी सहित 48200 रूपये, रूपेन्द्र व उत्तम तिवारी फेज-2 के मकान से नकदी 15 हजार रूपये की चोरी हुई थी।

गुरूवार को प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी शैलेन्द्र पांडे ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई। आरोपियों के मूवमेंट का पता लगाने के लिए विभिन्न स्थानों से टावर डंप प्राप्त किया गया। तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि चारों आरोपियों में केवल एक व्यक्ति ही मोबाइल का सीमित समय के लिए उपयोग करता था। उक्त मोबाइल से आपसी संपर्क के लिए इंस्टाग्राम चैट का उपयोग किया जाता था। आल इंडिया पुलिस ग्रुप में फोटो साझा करने पर आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के धार जिले के टाटा थाना क्षेत्र के एक सक्रिय चोर गिरोह के रूप में हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी के ⏩ शेष पेज 10 पर

### गिरोह ने अंबिकापुर व कोरबा में भी की थी चोरी

आकाशगंगा कॉलोनी में चोरी कर फरार चल रहे आरोपियों के मूवमेंट का पता लगाने विभिन्न स्थानों से टावर डंप प्राप्त किया गया। 9 फरवरी 2026 को कोरबा जिले की एलटीपीसी कॉलोनी में भी इसी प्रकार की चोरी की सूचना पुलिस को मिली। धमतरी पुलिस ने कोरबा पुलिस से समन्वय स्थापित कर घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इसके बाद 12-13 फरवरी को अंबिकापुर व राजनांदगांव में भी इसी तरह चोरी की घटना सामने आई। वहां भी टावर डंप, रूट विश्लेषण एवं फुटेज के आधार पर यह पुष्टि हुई कि एक गिरोह विभिन्न जिलों में वारदातों को अंजाम दे रहा है।



# राधाकृष्णा स्वसहायता समूह की भागीदारी से बदली गांव की तस्वीर

## सारंगपुरी में खस आधारित मिश्रित पौधरोपण बना मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के धमतरी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगपुरी ने वर्ष 2024-25 में पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण आजीविका और महिला सशक्तिकरण को जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मनरेगा और डीएमएफ मद के अभिसरण से लगभग 3.50 एकड़ भूमि पर मिश्रित पौधरोपण कार्य किया गया, जिसमें 14.14 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। इस योजना की खास बात यह रही कि पौधरोपण के साथ खस की अंतरवर्तीय खेती अपनाई गई, जिससे अल्पकाल में ही आय का स्रोत तैयार हुआ।





### खस खेती से आय और पर्यावरण में संतुलन

वृक्षों के बीच खाली स्थान में खस की खेती कर महिलाओं ने अतिरिक्त आय अर्जित की। खस की जड़ें मिट्टी संरक्षण, जल संचयन और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस वर्ष समूह को अंतरवर्तीय फसलों और खस से लगभग 20 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई, जिसका उपयोग बचत, शिक्षा और घरेलू जरूरतों में किया गया।

ग्रामसभा की सहमति से राधाकृष्ण स्व-सहायता समूह की 14 महिलाओं को इस कार्य से जोड़ा गया। समूह की अध्यक्ष मधु यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने पौधारोपण, देखरेख और फसल प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। कुल 860 फलदार पौधे जैसे आम, अमरुद, नींबू, कटहल, जामुन और सीताफल लगाए गए, जिनकी जीवितता दर 100 प्रतिशत रही।

### गांव में सकारात्मक बदलाव

सिंचाई के लिए बोर खनन और फेंसिंग से पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जिससे सब्जी उत्पादन भी शुरू हुआ। इस पहल से बंजर भूमि हरित क्षेत्र में बदली, भूजल स्तर में सुधार हुआ और गांव में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। यह मॉडल अब अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन

**जगदलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में नगर पालिका निगम उप निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज के अंतर्गत समाचार पत्र, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि में प्रकाशित होने वाले समाचार तथ्यों की बारीकी से जांच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्रियों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा अध्यक्ष, कमल कुमार बघेल उप संचालक जन सम्पर्क, सदस्य सचिव एवं सुरेश रावल हरिभूमि सदस्य समिति में रहेंगे।

### आकाशीय गाज गिरने से डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** दो दिन से बारिश के साथ-साथ आकाशीय बिजली से शहर के दलपत सागर के पास पेड़ गिरने एवं डगाल टूटने से बिजली प्रभावित हुई। विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन के विद्युत कर्मचारियों ने सर्चिंग की तो पता चला कि आकाशीय बिजली से ट्रांसफार्मर खराब हुआ। इस पर कार्यपालन अभियंता डॉ. सुदीप खेस के नेतृत्व में सहायक अभियंता विकास कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू दर्जन भर कर्मचारियों के साथ शाम को जुटे रहे। लगभग डेढ़ घंटे बाद बंद बिजली बहाल हो सकी और उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

## पेज 9 के शेष

### आकाशगंगा कॉलोनी में हुई सिलसिलेवार चोरी का खुलासा

लिए विशेष टीम गठित कर मध्यप्रदेश के धार जिला रवाना किया गया। टीम द्वारा लगभग 9 दिनों तक लगातार निगरानी रखते हुये विभिन्न वेशभूषा में सफलतापूर्वक कार्रवाई कर गिरोह के एक आरोपी दिनेश बवानिया पिता इंदू सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी टाटा थाना क्षेत्र जिला धारा म.प्र. को गिरफ्तार कर धमतरी लाया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्रेसवार्ता के दौरान सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, साइबर थाना के जवान व कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

---

24 एवं 25 अप्रैल को होगा आयोजन, व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

# युवा फेस्ट कार्यक्रम की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में 24 एवं 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले युवा फेस्ट कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बीसीएस पीजी कॉलेज पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं का है। कार्यक्रम से संबंधित तैयारी एवं व्यवस्थायें इनके माध्यम से हो तो इन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने, नई चीजें सीखने और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

कलेक्टर ने वर्कशॉप, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं और मुख्य वक्ताओं के सत्रों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हों और समय-निर्धारण का विशेष ध्यान रखा जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और पर्याप्त मात्रा में पानी, भेजन की उपलब्धता करें।



### अन्य जिलों के छात्र-छात्राएं भी लेंगे भाग

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस युवा फेस्ट में जिले के अलावा अन्य जिलों से भी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। ऐसे में प्रतिभागियों के लिए बेहतर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रतिभागियों के ठहरने, परिवहन, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से निरीक्षण किया और अधिकारियों को इन व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आवास व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

### प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

कलेक्टर ने कहा कि सभी स्थानों पर स्वच्छता बनी रहनी चाहिए और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंच संचालन, साज-सज्जा, साउंड एवं लाइट व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, इनोवेशन गतिविधियां, ई-मेल समन्वय और प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। अग्निशमन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था पर भी कलेक्टर ने गंभीरता से ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया जाए और यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

---

# आज बगौद में तहसील साहू समाज मनाएगा दानवीर भामाशाह जयंती



■ विधायक चंद्राकर करेंगे 56 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

तहसील साहू समाज कुरुद के तत्वावधान में 24 अप्रैल शुक्रवार को ग्राम बगौद स्थित मरादेव मंदिर प्रांगण सामुदायिक भवन में दानवीर भामाशाह जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक एकता और विकास कार्यों को नई दिशा देने की पहल की जा रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर होंगे, जो क्षेत्रीय विधायक निधि से लगभग 56 लाख रुपये की लागत से निर्मित साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। अध्यक्षता तहसील साहू संघ कुरुद के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ विपिन साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेशराम साहू, पूर्व महामंत्री दयाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष बीरेंद्र साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, सरपंच बगौद श्रीमती दशोदा कमलेश साहू, तहसील साहू समाज भखारा के अध्यक्ष कामताराम साहू तथा मगरलोड तहसील साहू समाज अध्यक्ष रोहित साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे मां कर्मा की महाआरती से होगा, तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रातः 11:30 बजे सामाजिक कार्यशाला होगी, जिसमें शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 12 बजे क्षेत्रीय विधायक द्वारा 56 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया जायेगा। 2 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

---

छोटे-छोटे पेड़-पौधे, जड़ी-बूटियां एवं अन्य वनस्पतियां जलकर खाक

# गेदरा के जंगलों में भीषण आग, पर्यावरण को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

वन परिक्षेत्र बिरगुड़ी (सा.) के कक्ष क्रमांक 425 में स्थित मेन रोड गेदरा के आसपास के जंगलों में भीषण आग लगने की घटना देखने को मिल रही है। इस आगजनी से जंगल में मौजूद छोटे-छोटे पेड़-पौधे, जड़ी-बूटियां एवं अन्य वनस्पतियां बड़े पैमाने पर जलकर नष्ट हो गई हैं। लोगों ने बताया कि चौकीदार के लिए झोपड़ी भी बनी हुई है। शायद झोपड़ी में वन कर्मचारी नहीं रहता है जिसके चलते आग लगी हुई है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि जंगल के भीतर की हरियाली पूरी तरह झुलस गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना के कारण इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण भी प्रभावित होगा, क्योंकि अधिकांश पौधे जलकर खाक हो चुके हैं। इससे वन आधारित आजीविका पर निर्भर ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।



ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जंगलों की सुरक्षा और निगरानी के लिए विभाग द्वारा झोपड़ी का निर्माण किया गया है, लेकिन दुर्भाग्यवश उसी क्षेत्र के आसपास आग लगना गंभीर लापरवाही की ओर संकेत करता है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते निगरानी और उचित कदम उठाए जाते, तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था।

लोगों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जंगलों की सुरक्षा में गंभीर कमी नजर आ रही है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

---

# सिंधौरीकला में नवीन तालाब निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

■ ग्रामीणों को जल समस्या से मिलेगी राहत

विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंधौरीकला में विकसित भारत रोजगार गारंटी योजना के तहत 17.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में सरपंच दुलार साहू, पूर्व सरपंच भीखम यादव सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में तालाब में पानी की कमी के कारण जल काफी गंदा हो जाता था और बदबू फैलती थी। बारिश के कुछ समय बाद ही तालाब सूख जाता था, जिससे निस्तारी और मवेशियों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न होती थी। तालाब के गहरीकरण और नव निर्माण से इन समस्याओं में सुधार की उम्मीद है। मुख्य अतिथि नीलम चंद्राकर ने कहा कि तालाब निर्माण से गर्मी में पानी की किल्लत कम होगी और मवेशियों व सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही इस कार्य से स्थानीय ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि तालाब के विकसित होने के बाद मत्स्य पालन एवं सब्जी उत्पादन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में श्रीकांत मिश्रा, रामेश्वर साहू, भगत साहू, शेखन साहू, दिनुदास, परमेश्वर साहू ग्राम सचिव, नर्मदा बाई, लिकेश्वरी, रमेश्वरी, विनोद साहू, धनेंद्र साहू, केवल साहू, जितेंद्र साहू, हेमनाथ साहू, उपसरपंच भूपेंद्र ध्रुव, गुलाबचंद साहू, सरस्वती साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# खौलते तेल में डाला हाथ, निकाले बड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

विभिन्न समाज में शादी पर अनेक रस्म निभाई जाती है लेकिन ग्राम सिर्री निवासी नंदूराम धुरी के परिवार में शादी के समय अनोखी रस्म निभाई गई। धुरी समाज के शेखर नत्रिका धुरी के पुत्र दीपक धुरी सहित परिवार ने मिलकर एक अनोखी रस्म निभाई जिसे देख लोगों ने दांतोंतले उंगली दबा ली। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है।

शादी में मायन के दिन उनके परिवार का कोई एक सदस्य उपवास रखकर अपने इष्टदेव भगवान भोलेनाथ का आह्वान करता है। इष्टदेव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंडप में ही परिवार के सभी दंपति एक के बाद एक सिलबट्टे में दाल की पिसाई करते हैं जिसे सील पोहना कहा जाता है। इसे केवल दंपति ही करते हैं। उसके बाद मंडप में ही चूल्हा बनाकर उस पर कढ़ाई रखकर खौलते तेल में उड़द दाल का बड़ा बनाया जाता है। दो व्यक्ति बड़ा बनाते हैं और परिवार की बाकी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आदि उस खौलते तेल में हाथ डालकर उस गर्म बड़ा को निकालते हैं और अपने परिजनों की पीठ पर मारते हैं। तत्पश्चात उनसे आशीर्वाद लेते हैं।



**सिर्री में धुरी परिवार में बड़ा खेल की अनोखी रस्म निभाई गई**

यह खेल लगभग 2 घंटे तक चलता है। बच्चे भी इस रस्म को निभाने में पीछे नहीं रहते।

60 वर्षीय नंदूराम धुरी, शेखर, नत्रिका, दीपक, भागी, पूरण, त्रिलोकी, बलराम, केसरी, सूरज धुरी ने बताया कि विवाह के समय यह अजब रस्म धुरी समाज में ही निभाई जाती है। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है। यह रस्म धुरी समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही है। विवाह के समय इस परंपरा को निभाते 100 साल से भी ज्यादा हो चुका है। लक्ष्मीनाथ धुरी, कुमारीबाई, रामेश्वर, कौशलबाई, तीजोबाई, अश्वनी, रानी, अंजनी, ज्योति, चित्रसेन, देवाबाई, बीरेंद्र, लीना, कान्हा, वियान, मोना, प्रिया, निधि, तिलक, दूजराम, कमल, ईश्वर, गेंदलाल समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने खौलते तेल में हाथ डाल गर्म बड़ा निकालकर बड़ा खेलने की रस्म निभाई।

---

युवा कांग्रेस ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# सांकरा-बेलरगांव-जैतपुरी मार्ग निर्माण की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सांकरा-बेलरगांव-जैतपुरी सड़क मार्ग के शीघ्र निर्माण को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस छग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के समक्ष जोरदार मांग रखी है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यह मार्ग पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के बजट में स्वीकृत किया गया था और वर्तमान सरकार के बजट में भी प्रस्तावित है। इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। विभाग द्वारा केवल गड्ढों की अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है, जो 10 से 15 दिनों के भीतर पुनः खराब हो जाती है।



यह सड़क मार्ग क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों सांकरा, बेलरगांव, जैतपुरी, घुटला, पांवद्वार, पिपरिया, गढ़डोंगरी सहित अन्य ग्रामों को जोड़ता है। साथ ही यह मार्ग नगरी एवं धमतरी मुख्यालय तक पहुंचने का प्रमुख साधन है। इसी मार्ग से लोग स्वास्थ्य सेवाओं, शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, साप्ताहिक बाजारों तथा धान खरीदी केंद्रों तक आवागमन करते हैं। युवा कांग्रेस ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी गड्ढों के कारण एक युवक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रेमांशु प्रजापति, जनपद सदस्य नंदिनी साहू, सरपंच रीता नेताम, टिकेश्वर ध्रुव, गजेंद्र नेताम, विपिन भारती, सुनील सिन्हा, रवि, मेहुल भारती, आलेश्वर पटेल ने तहसीलदार बेलरगांव को कलेक्टर, कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी धमतरी, अनुविभागीय अधिकारी नगरी के नाम ज्ञापन सौंपा।

---

# दस लाख की लागत से संवरेगी ग्राम हरदी की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम पंचायत हरदी में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मीना साहू उपस्थित रहीं। पंचायत द्वारा कुल 10 लाख रुपये की लागत वाले तीन महत्वपूर्ण कार्य पक्की नाली निर्माण एवं शीतला मन्दिर जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी गई, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि पक्की नाली निर्माण से निकासी सुविधा का विस्तार होगा। शीतला मंदिर के जीर्णोद्धार से खूबसूरती बढ़ेगी। इस मौके पर मनोहर ध्रुव सरपंच, बलराम साहू उपसरपंच, सोमनाथ साहू, ढालसिंह साहू, मनहरण निषाद, खिलेश्वर साहू, गोविंद निषाद एवं पंचगण व ग्रामवासी मौजूद थे। सरपंच मनोहर ध्रुव ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से गांव में जल निकासी की समस्या दूर होगी और आस्था का केंद्र शीतला मंदिर को एक नया भव्य रूप मिलेगा।



### महिलाओं ने रचा स्वावलंबन का नया मॉडल

# ग्राम परखंदा में 'खस' की खेती से बदली तस्वीर



यशवंत गंजीर ⏭कुरूद

जिले के कुरुद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत परखंदा आज महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है। यहां की महिलाओं ने पारंपरिक धान खेती से आगे बढ़ते हुए खस (वेटिवर) की खेती अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ाई है, बल्कि गांव को हरित विकास की दिशा में भी आगे बढ़ाया है।

गांव के अधिकांश परिवार पहले वर्षा आधारित खेती और मजदूरी पर निर्भर थे। सीमित आय और अनिश्चितता के कारण महिलाओं की भूमिका घर तक सीमित थी। वर्ष 2024-25 में मनरेगा एवं डीएमएफ मद के सहयोग से गठित परखंदा धान के कटोरा उत्पादक समिति ने आजीविका के नए विकल्प तलाशे और 2.50 एकड़ भूमि में खस की खेती शुरू की। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने स्वयं पौधरोपण, सिंचाई और देखभाल का कार्य संभाला।

#### आय और हरियाली में बढ़ोतरी

खस एक बहुउपयोगी पौधा है, जिसकी जड़ों से सुगंधित तेल और अन्य उत्पाद तैयार किए जाते हैं। बेहतर उत्पादन से समूह की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही महिलाओं ने 6 एकड़ क्षेत्र में वृक्षारोपण कर गांव में हरियाली बढ़ाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समूह अब खस से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने की दिशा में प्रयासरत है। यदि प्रसंस्करण और बाजार की बेहतर व्यवस्था मिलती है, तो यह पहल बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर सकती है। परखंदा का यह मॉडल दर्शाता है कि सामूहिक प्रयास, प्रशिक्षण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्र में स्थायी बदलाव संभव है।

#### आत्मविश्वास और भागीदारी में इजाफा

खस उत्पादन से मिली आय ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। वे अब बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर रही हैं। बैंकिंग, रिकॉर्ड संधारण और विपणन जैसे कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ी है। समूह की सदस्य तुकेश्वरी साहू ने बताया कि शुरुआत में हमें खेती की जानकारी कम थी, लेकिन प्रशिक्षण और मेहनत से हमने यह काम सीख लिया। अब हम अपनी आय खुद कमा रहे हैं।

सरपंच माधुरी साहू ने बताया कि पहले समूह की महिलाएं घर तक सीमित थीं, अब हर काम में आगे हैं और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं।

# अबेकस के छात्रों ने जीता स्टेट लेवल चैंपियंस का खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रोइंग मून अकादमी के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट लेवल चैंपियन का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अकादमी की विभिन्न शाखाओंघड़ी चौक, रुद्री, आमातालाब और चारामा में संचालित इस संस्थान से 400 से अधिक छात्र अबेकस शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

17 अप्रैल 2026 को रायपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के चारों जोन से लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अलग-अलग स्तर पर 10 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल करने थे। इसमें विद्यार्थियों ने तेज़ गति और सटीकता के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ग्रोइंग मून अकादमी से कुल 173 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 111 ने टॉप-6 में स्थान बनाया। वहीं 12 विद्यार्थियों ने चैंपियन का खिताब हासिल किया और 63 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई। चैंपियन बनने वाले छात्रों में विआन नानकानी, यूर्वी चौकसे, लावण्या उर्वशा, रुद्रप्रताप जूरी, मेहुल मरकाम, हियांशी भोजवानी, दर्शील बरडिया, दिव्यांश साहू, यातिका टेकाम, भूविका कंवर, भाग्येश साहू और सुंयाश उसेंडी शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर 21 अप्रैल को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि बीईओ लीलाधर चौधरी, श्रीमती श्रुति साहेब, श्रीमती पूनम ठाकुर, वर्गीज कुरियाकोस एवं प्रवक्ता अमित महेश्वरी थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं कांति, सृष्टि, अंजलि, चंचल, खान मैम, लक्ष्मी कैमेरो, मंदाकिनी, सुषमा, शबनम, भूमि एवं मनप्रीत का विशेष योगदान रहा। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# युवा प्रकोष्ठ ने 200 हेलमेट वितरित किए



- दानवीर भामाशाह जयंती पर निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दानवीर भामाशाह जयंती पर साहू समाज जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर में भव्य बाइक रैली निकाली गई तथा नागरिकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

रैली की शुरुआत एसपी कार्यालय परिसर से हुई, जो रुद्री रोड, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में शामिल युवाओं ने हेलमेट पहनकर लोगों को संदेश दिया कि सुरक्षा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पूरे मार्ग में जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान घड़ी चौक में एक विशेष आयोजन किया गया, जहां समाज के पदाधिकारियों, नागरिकों एवं पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 200 लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए।

युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर में चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

मौके पर युवा प्रकोष्ठ जिला संगठन महामंत्री खेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नितेश गंजीर, सहसंयोजक दुर्गेश गंजीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कामता साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, सचिव हेमेंद्र साहू, ओम आशीष गजपाल, बीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, हरीश साहू मौजूद थे।

# इसरो युविका में मयंक का चयन, जिले का बढ़ाया मान

- 15 दिन के प्रशिक्षण में अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रतिष्ठित युविका-2026 कार्यक्रम में धमतरी जिले के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें केंद्रीय विद्यालय से जुड़े छात्र शामिल हैं, जिनमें धमतरी निवासी मयंक साहू का नाम प्रमुख है। इस उपलब्धि से न केवल जिले का गौरव बढ़ा है, बल्कि यह भी साबित हुआ है कि छोटे शहरों के छात्र भी बड़े सपने साकार कर सकते हैं।



युविका (यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम) के तहत चयनित विद्यार्थियों को मई माह में 15 दिनों के लिए इसरो के विभिन्न केंद्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पूरी तरह से निःशुल्क आवासीय कार्यक्रम है, जिसमें छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक और इसके उपयोगों की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। साथ ही वैज्ञानिकों से सीधे संवाद और प्रयोगशालाओं का भ्रमण भी कराया जाएगा।

मयंक साहू केंद्रीय विद्यालय लोहरसी में अध्ययनरत हैं। उनके पिता चुरामन साहू पॉलीटेक्निक संस्थान में प्रयोगशाला तकनीशियन हैं। चयन की जानकारी मिलते ही विधायक ओंकार साहू ने उनके निवास पहुंचकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव विजय साहू, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र साहू आदि प्रतिनिधियों ने भी दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे समाज और जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेंगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

### एक बार फिर कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागर : सागर



**सिर्री।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सदन में देश की महिलाओं के लिए लाए गए महत्वपूर्ण विधेयक को लेकर कठौली निवासी सागर साहू मंत्री भाजपा युवा मोर्चा सिर्री मंडल ने कहा कि इसमें 33 प्रतिशत आरक्षण देश की आधी आबादी को मिलने वाला था। यह कानून लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह दूरगामी सोच थी, लेकिन कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, सपा सहित विपक्षी दलों ने इस विधेयक को संसद में पारित नहीं होने दिया। एक बार फिर कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है।

### सपेरों के खिलाफ पोस्टर अभियान की शुरुआत



**धमतरी।** वन्य जीव प्रेमी प्रेमशंकर चौबे और वैभव जगने ने सपेरों के खिलाफ पोस्टर अभियान की शुरुआत की है जिसमें सपेरों द्वारा सांपों के शोषण के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टर लगाए जा रहे हैं और नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे सांप दिखाने वाले सपेरों को पैसे न दें। यह कार्य वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के खिलाफ माना जाता है। अभियान के दौरान लोगों को बताया जा रहा है कि सपेरे सांपों के साथ क्रूरता करते हैं, जैसे उनका जहर निकालना और उन्हें छोटी टोकरी में लंबे समय तक कैद रखना। इससे सांप कमजोर और असहाय हो जाते हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि यदि कहीं सपेरे दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें। साथ ही सांपों को न मारकर सर्प मित्रों से संपर्क करने की सलाह भी दी जा रही है।

### झलप में तेज रफ़्तार हाइवा ने कार को मारी टक्कर



**झलप।** छिलपावन चौक झलप में कल देर रात एक तेज रफ़्तार हाइवा ने स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार कर दी, जिससे कार हाईवे से उछलकर कर सर्विस रोड किनारे की दुकान के पास जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शी के हिसाब से स्विफ्ट कार क्रमांक पीबी 29 एजी 1662 ओडिशा से रायपुर जा रही थी, जब उसकी टक्कर करीब रात के 11:40 मिनट पर हाइवा से हो गई। इसमें पंजाब के मोगा निवासी रमन और उनके साथ में ड्राइवर मौजूद थे। इस टक्कर में ड्राइवर के हाथ, पैर और फेफड़े की कुछ पसलियों के टूटने की जानकारी मिली है। दूसरे सवार रमन के सिर में चोट आई है। टक्कर के पश्चात हाइवा बागबाहरा की ओर तेजी से निकल गई।

# सेवानिवृत्त के करीब शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व शैक्षिक संगठन जिला धमतरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला संचालक डॉ. भूषणलाल चंद्राकार, अमित महोबे, खुमान सिंह ठाकुर, दिनेश पांडे, दिनेश सोनकर, दौलत राम ध्रुव, रोहित साहू, गेवाराम नेताम के नेतृत्व में जिले में वर्तमान में जनगणना कार्य 2026-27 के तहत विभिन्न तहसीलों में जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा लगाई गई ड्यूटी में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों, गड़बड़ियों एवं विसंगतियां तथा अन्य मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी, तहसीलदार धमतरी कुश प्रधान तथा बीईओ धमतरी एलडी चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव ने प्रतिनिधि मंडल को उक्त बिंदुओं को कलेक्टर को अवगत कराकर त्रुटियों के निराकरण करने की बात कही। बीईओ श्री चौधरी ने भी विसंगतियों एवं त्रुटियों को निराकरण करने हेतु सहमति प्रदान की।

एसडीएम पीयूष तिवारी एवं तहसीलदार कुश प्रधान को भी संगठन ने पूरे दस्तावेज तथ्य प्रस्तुत किए जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानपाठकों को ड्यूटी से मुक्त करने, सेवानिवृत्त के करीब

**सर्व शैक्षिक संगठन ने जनगणना कार्य ड्यूटी आदेश में विसंगतियों को लेकर अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**



शिक्षकों को ड्यूटी से मुक्त करने, शिक्षक संवर्ग के पदस्थ कार्य स्थल में ही ड्यूटी लगाने, कुछ ऐसे ग्राम एवं विद्यालय जहां पर पर्याप्त शिक्षकों के होते हुए भी अन्य ग्राम एवं शालाओं के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है जिस पर संशोधन करने, दिव्यांग शिक्षकों को मुक्त करने, जनगणना ड्यूटी आदेश कार्य अवधि के दौरान स्वास्थ्य एवं शारीरिक समस्या संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने वाले शिक्षक संवर्ग का वास्तविक स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज का परीक्षण कर नियमानुसार सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने, ड्यूटी लगाने में पदक्रम सूची का ध्यान रखने, जनगणना कार्य में अन्य विभाग के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाने वाले शाखा प्रभारी लिपिक पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

## लकड़ी के चूल्हों पर बढ़ी निर्भरता, ढाबों और होटलों में बदला मेन्यू, बढ़ा खर्च

# कमर्शियल गैस की किल्लत से होटल व्यवसाय प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़े तनाव का असर अब स्थानीय बाजार और जनजीवन पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी के चलते जिले में होटल और ढाबा संचालकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि शहर के बड़े होटलों से लेकर छोटे ठेलों में भी गैस की जगह अब लकड़ी और डीजल भट्टियों का सहारा लिया जा रहा है।

पिछले कुछ दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में भारी गिरावट दर्ज की गई है। गैस एजेंसियों के पास सीमित स्टॉक बचा है और नई खेप समय पर नहीं पहुंच पा रही है। होटल संचालकों का कहना है कि पहले जहां नियमित रूप से सिलेंडर मिल जाते थे, वहीं अब बुकिंग के 15 से 20



दिन बाद मुश्किल से एक सिलेंडर मिल पा रहा है। इससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और कई प्रतिष्ठानों के सामने बंद होने की स्थिति बन रही है।

गैस की कमी के चलते होटल संचालकों ने मजबूरी में लकड़ी के चूल्हों और डीजल भट्टियों का उपयोग शुरू कर दिया है। इससे खाना बनाने में अधिक समय लग रहा है और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। होटल संचालक विशाल देवांगन ने बताया कि पहले 50 किलो लकड़ी का गुटका 510 रुपये में मिल जाता था, जो अब बढ़कर 580 रुपये हो गया है। जहां पहले दो दिन में इतनी लकड़ी खर्च होती थी, वहीं अब प्रतिदिन एक क्विंटल से अधिक लकड़ी की खपत हो रही है।

स्थिति का असर होटल के मेन्यू पर भी पड़ा है। कई होटल में चाउमिन, पकौड़ा और दोसा जैसे व्यंजन बनना बंद हो गए हैं या केवल मांग पर ही बनाए जा रहे हैं। छोटे ठेला-गुमटी संचालकों की हालत और भी खराब है, जिनमें से 25 से अधिक ने अपना काम बंद कर दिया है।

इधर, गैस की किल्लत का असर बर्तन बाजार में भी देखने को मिल रहा है। इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है, लेकिन उनकी सप्लाई भी बाधित है। पहले 1500 रुपये तक मिलने वाला इंडक्शन अब 2500 से 3000 रुपये तक पहुंच गया है। इसके विकल्प के रूप में लकड़ी आधारित इलेक्ट्रॉनिक चूल्हों की मांग बढ़ी है।

गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता काफी कम हो गई है। कुल मांग का केवल 40 प्रतिशत ही सिलेंडर उपलब्ध हो पा रहा है, जो व्यवसाय के लिए पर्याप्त नहीं है।

प्रशासन का कहना है कि स्थिति को सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं और कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई गई है। यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले समय में होटल व्यवसाय और आम उपभोक्ताओं को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## स्काउट्स-गाइड्स संघ की समीक्षा बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर जोर





- राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के प्रथम धमतरी आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के प्रथम धमतरी आगमन पर उनका पारंपरिक स्वागत किया गया।

बैठक में जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा और जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू ने जिले में संचालित स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद राज्य मुख्य आयुक्त ने एजेंडा अनुसार वार्षिक गतिविधियों, पंजीयन, आय-व्यय, प्रशिक्षण, शिविर सहभागिता और विभिन्न इकाइयों (स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, कब, बुलबुल) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्काउटिंग गतिविधियों को और प्रभावी बनाने प्रत्येक माह प्रभारी नियुक्त करने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा सामाजिक कार्यों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सोहनलाल साहू और आभार प्रदर्शन अभय कुमार जायसवाल ने किया।

## खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



- खेल पखवाड़ा के समापन पर भगवान हनुमान के समक्ष खेल सामग्री रखकर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में आयोजित खेल पखवाड़ा का समापन मंगलवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड के पास किया गया। एक माह तक चले इस आयोजन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। समापन अवसर पर महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने भगवान हनुमान जी के समक्ष बैट, बॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल और शतरंज जैसी खेल सामग्रियां रखकर विशेष पूजा-अर्चना की तथा शहर के खेलों की उन्नति और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। यह क्षण आस्था और उत्साह का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेल संस्थाओं से जुड़े लोगों ने समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा को खेल क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित करते हुए खेल प्रोत्साहक की उपाधि से नवाजा। अपने संबोधन में राजेश शर्मा ने कहा कि शहर ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और वे हमेशा शहरवासियों के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक योगेश रायचुरा ने आभार व्यक्त किया। मुख्य सलाहकार श्रीमती हेमलता शर्मा ने भंडारे का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रकाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, शशि पवार, देवेंद्र मिश्रा, कविंद्र जैन, कौशल्या देवांगन, महेंद्र पंडित सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं समाजसेवी उपस्थित थे। समापन समारोह ने न केवल खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि खिलाड़ियों के मनोबल को भी नई ऊर्जा प्रदान की।

## राजेश शर्मा का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया

- भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं, संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश शर्मा का जन्मदिन उनके निज निवास में हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि पवार, महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। किसान मोर्चा के रोहिताश मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभांक मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी सहभागिता निभाई। महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा कुंजाम सहित महिला



कार्यकर्ता, पार्षद एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इस मौके पर राजेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे संगठन व समाज के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

प्रकाश बैस ने कहा कि श्री शर्मा का संगठन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को हमेशा प्रेरित करता है। शशि पवार ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से संगठन को मजबूती मिलती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने ग्रामीणों के साथ विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत हथबंद के सरपंच ने सचिव द्वारा शासकीय कार्यों का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं किए जाने पर कार्रवाई की मांग



की। इसके अलावा ग्राम पंचायत सिर्वे में महिला सरपंच के अधिकारों का हनन, फर्जी तरीके से शासकीय धन का दुरुपयोग, खेल मैदान का निर्माण, विद्यालय परिसर में बनाई गई नाली को हटाने की मांग की। इसी तरह अन्य पंचायतों से आवास निर्माण, प्राथमिक कृषि साख समिति के लिए आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण सहित विभिन्न मामले आए। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने बताया कि कुरुद विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आई समस्याओं को लेकर जिलाधीश से चर्चा की गई जिन पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## निर्माण पूरा करें या राशि लौटाएं नहीं तो होगी संपत्ति कुर्क

- 87 हितग्राहियों ने राशि लेने के बाद भी काम पूरा नहीं किया, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों का निर्माण पूरा नहीं करने वाले हितग्राहियों पर अब प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है। वर्षों पहले राशि प्राप्त करने के बावजूद काम अधूरा छोड़ने वाले 87 लोगों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

प्रशासन के अनुसार, संबंधित हितग्राहियों को एक सप्ताह की समय-सीमा दी गई है। इस दौरान उन्हें या तो अपने मकान का निर्माण शुरू करना होगा या प्राप्त राशि वापस करनी होगी। तय समय में पालन नहीं करने पर राजस्व वसूली प्रमाणपत्र (आरआरसी) के तहत उनकी संपत्ति कुर्क कर लगभग 95 लाख रुपए की वसूली की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2017 से 2022 के बीच इन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता दी गई थी। अधिकांश लोगों ने निर्माण कार्य पूरा कर लिया, लेकिन 87 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने राशि लेने के बाद काम रोक दिया। कई बार नोटिस देने के बावजूद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

इस लापरवाही का असर जिले की रैंकिंग पर भी पड़ा है। पहले जहां धमतरी प्रदेश में बेहतर स्थिति में था, वहीं अब रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। इसे सुधारने के लिए विभाग ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में यह समस्या सामने आई है। नवागांव वार्ड में सबसे अधिक मामले पाए गए हैं, जबकि महंत घासीदास, बांसपारा सहित अन्य वार्डों में भी कई हितग्राहियों ने निर्माण कार्य बंद कर रखा है। इधर, प्रधानमंत्री आवास योजना के नए चरण में नगर निगम को 1072 आवासों की स्वीकृति मिली है। इनमें से सैकड़ों आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और हितग्राहियों के खाते में राशि भी जारी की जा चुकी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के बाद निर्माण कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।










## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस से पहले शुरू हुई तैयारी बढ़ाने की पहल

# पंचायत भवनों पर अंकित होगी भूजल स्तर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल के पूर्व जिले की समस्त ग्राम पंचायत भवनों की दीवारों पर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार भूजल स्तर संबंधी जानकारी अंकित किए जाने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने आवश्यक निर्देश धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी जनपद पंचायत को जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण एवं भूजल जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है ताकि आम नागरिकों को अपने क्षेत्र के भूजल स्तर की वास्तविक जानकारी सहज रुप से उपलब्ध हो सके।

सीईओ श्री ठाकुर ने बताया कि जल संसाधन



विभाग, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संदर्भित पत्रों के माध्यम से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया है। साथ ही जलदूत ऐप के माध्यम से ग्रामों से अपलोड की गई सूचनाएं जलदूत पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं जिनका उपयोग कर अद्यतन जानकारी संकलित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रत्येक विकासखंड में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं संबंधित मैदानी अमले के समन्वय से निर्धारित प्रपत्र भूजल स्तर के अनुसार जानकारी संकलित कर पंचायत भवनों की दीवारों पर लेखन कार्य कराया जाएगा।

### जल संरक्षण के प्रति बढ़ेगी जागरुकता

श्री ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत भवनों पर भूजल स्तर का प्रदर्शन किए जाने से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ेगी तथा वर्षा जल संचयन, जल उपयोग में सावधानी एवं भूजल पुनर्भरण जैसे विषयों पर सकारात्मक पहल को बल मिलेगा। यह पहल जल संकट की संभावनाओं को कम करने और भविष्य के लिए जल संसाधनों के संरक्षण में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने संबंधित जनपद पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।